खबरों की दुनिया

एक नज़र

जिला आयोजना समिति की बैठक सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। जिला आयोजना समिति की बैठक जिला प्रमुख मूलचन्द मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई।

जिला प्रमुख मीणा ने कहा कि जिले के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य हो जिससे ग्रामीण क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की चिकित्सा, पानी, सड़क, आदि कार्यक्रमों का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिये। जिले की समिति में वार्षिक योजना वर्ष 2017-18 का अनुमोदन किया गया।

बैठक में मुख्य आयोजना अधिकारी आर.एल. जलथुरिया ने जिले की वार्षिक कार्य योजना की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में आयोजना समिति के सदस्य जगदीश सैनी, गोपाल मीणा, भागदेवी शर्मा, राम रतन, अशोक वर्मा, मंजूदेवी कुमावत, राहुल शर्मा, शंकरलाल नारोलिया एवं अजमलाल सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

सहकारी बैंकों से ऋण लिया तो फसल आएगी बीमा के दायरे में



जयपुर। सहकारी बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण लेने वाले सभी किसानों की फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाया जाएगा। इसके लिए एक कालखण्ड, एक खेत, एक फसल और एक बीमा के विचार को अमलीजामा पहनाया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता अभय कुमार शुक्रवार को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सहकारी बैंकों द्वारा किए गए फसल बीमा की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

कुमार ने कहा कि सहकारी बैंक एवं कॉमर्शियल बैंक दोनों जगह से ऋण लेने वाले किसानों के मामलों में सहकारी बैंकों द्वारा दिए गए ऋण से उगाई गई फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाया जाएगा जिससे किसान के हित सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कृषि ऋण लेने वाले सभी किसानों की फसल का बीमा करवाया जाना अनिवार्य है। इसकी पालना सुनिश्चित की जाए और तय समय में किसान की प्रीमियम राशि बीमा कम्पनी को भिजवा दी जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि किसानों के प्रीमियम एवं फसल की विगत को ई-मित्र केन्द्रों के माध्यम से वेबपोर्टल पर अपलोड किया जाए ताकि तय समय सीमा में अधिक से अधिक किसानों की सूचना बीमा कम्पनी को उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा रबी सीजन के लिए किए जा रहे ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि तय लक्ष्यों के अनुसार किसानों को ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए।

कुमार ने कहा कि बैंकों में गैर निष्पादक आस्तियों (एनपीए) में वृद्धि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि वे टीम बनाकर एनपीए में वर्गीकृत प्रकरणों की व्यक्तिगत समीक्षा करें और उनकी वसूली सुनिश्चित की जाए और साथ ही ऐसे मामलों में सहकारिता कानून एवं नियमों के अनुसार कार्यवाही करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) जी.एल. स्वामी, संयुक्त शासन सचिव, सहकारिता मुकुलेश सैनी, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक विद्याधर गोदारा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) एस.पी. यादव, महाप्रबंधक अपेक्स बैंक पी.के. जादव सहित जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों ने भाग लिया।

कश्मीर घाटी के दूरस्थ क्षेत्रों से आए विद्यार्थी करेंगे जयपुर भ्रमण

जयपुर। जम्मू कश्मीर के विभिन्न जिलों से आए 50 बच्चों के दल ने शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत जिला कलक्टर सिद्धार्थ महाजन से मुलाकात की। महाजन ने जम्मू कश्मीर से आए विद्यार्थियों को भारत दर्शन यात्रा की शुभकामनाएं दी, साथ ही कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जहां से आप अपने भविष्य को बदल सकते है। इसलिए खूब पढ़ाई कीजिए और जयपुर के ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कीजिए। बी.एस.एफ. द्वारा करवाया जा रहे भारत दर्शन में 6वीं कक्षा से 9वीं कक्षा तक के बच्चे शामिल है, जिसमें 50 लड़कियां और 50 लड़के सम्मिलित है। ये बच्चे जयपुर के आमेर पैलेस, जन्तर मंतर, हवामहल, सिटी पैलेस, जयगढ़, नाहरगढ़ किला का भ्रमण करने के पश्चात दिल्ली, आगरा, अमृतसर, सहित अन्य जगहों पर भ्रमण करेंगे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) हरिमोहन मीणा, 69 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट [illegible], उप कमांडेंट देव कुमार सहित जम्मू कश्मीर से आए सरकारी स्कूल के बच्चे सम्मिलित थे।

सोनोग्राफी मशीन कम्पनियों को कराना होगा पीसीपीएनडीटी सेल में पंजीयन

भ्रूण हत्या के मामले में सख्त हुई सरकार बिना पंजीयन के मशीनें बेचने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। राजस्थान में सोनोग्राफी बेचने वाली कम्पनियों को स्वास्थ्य विभाग की पीसीपीएनडीटी सेल में पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई व्यक्ति या कम्पनी बिना पंजीयन के सोनोग्राफी मशीन नहीं बेच सकेगा। राजस्थान में करीब 13 कम्पनियों द्वारा अल्ट्रासाउण्ड सोनोग्राफी मशीन बेची जाती है। नियम बनाने से पूर्व राज्य पीसीपीएनडीटी सेल के राज्य समुचित प्राधिकारी नवीन जैन ने एक बैठक सोनोग्राफी बेचने वाली कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी की थी।

राज्य पीसीपीएनडीटी सेल ने तय किया है कि सोनोग्राफी मशीन बनाने वाली कम्पनी को एक लाख रुपए देकर पंजीयन करवाना होगा वहीं डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर, रिटेलर को 50 हजार रुपये देकर पंजीयन करवाना होगा। पंजीयन की अवधि 5 वर्ष होगी, यदि किसी सोनोग्राफी सेंटर के पास पुरानी मशीन है जो किसी कम्पनी, डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर, रिटेलर को वापिस बेचता है तो भी राज्य समुचित प्राधिकारी, राज्य पीसीपीएनडीटी सैल को सूचना देना जरूरी होगा। इससे पूर्व राजस्थान में कम्पनियों द्वारा मनमर्जी से सोनोग्राफी मशीनें बेची जाती थी। सिर्फ सोनोग्राफी सेंटर का ही पंजीयन होता था। राज्य में 2921 सोनोग्राफी सेंटर पंजीकृत है जिसमें से 224 सरकारी व 2697 निजी सेंटर पंजीकृत है। इनमें से वर्तमान में 1647 सोनोग्राफी सेंटर संचालित है। राज्य पीसीपीएनडीटी सेल द्वारा गठित टीम ने सोनोग्राफी मशीन बनाने व बेचने वालों के लिए पंजीयन हेतु गाईड लाईन बनाई है जिसके तहत सोनोग्राफी मशीन बनाने वाली कम्पनी, डिस्ट्रीब्यूटर, डीलर, रिटेलर, रिपेयर करने वाला, खरीदने व बेचने वाला प्रत्येक व्यक्ति सोनोग्राफी मशीन के साथ किसी भी प्रकार की खरीद बिक्री या सुधार हेतु राज्य समुचित प्राधिकारी को सूचित करके ही कर सकेगा। इनमें उन्हीं कम्पनियों व बेचने वालों का पंजीयन किया जायेगा जो समस्त दस्तावेजों की पूर्ति करेगा तथा कानून की पालना के तहत कार्य करेगा। जिस कम्पनी का राज्य की पीसीपीएनडीटी सेल में पंजीयन नहीं होगा वह कम्पनी किसी पुरानी मशीन को बदलने या खरीदने का कार्य भी नहीं कर सकेगी।

पूरी जानकारी देनी होगी

राज्य में सोनोग्राफी मशीन बेचने वाली कम्पनी को कार्यालय का पता, शोरूम व स्थान के जिलों की सूची सहित बेचने वाली मशीनों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवानी आवश्यक होगी। प्रत्येक पंजीयन करवाने वाली कम्पनी को 3 महीने में रिपोर्ट भी प्रस्तुत करना होगा कि कितनी मशीन की कम्पनी के द्वारा बेचा गया है और कौन से सोनोग्राफी सेंटर को बेची गई है। पंजीकृत कम्पनी के यहां पीसीपीएनडीटी सेल की टीम कभी भी निरीक्षण कर सकेगी तथा सभी सूचनाएं कम्पनियों को राज्य पीसीपीएनडीटी सेल के साथ-साथ जिन जिलों या कस्बों में बेची गई है वहां के जिला व उपखण्ड समुचित प्राधिकारी को भी सूचना देना आवश्यक होगा। कम्पनी को सभी सूचनाएं ऑन लाईन व ऑफ लाईन देनी होगी।

प्रदेश में सोनोग्राफी मशीन बेचने वाली 13 कम्पनियां

प्रदेश में सोनोग्राफी मशीन बेचने वाली 13 कम्पनियों व डीलरों में फिलिप्स इलेक्ट्रोनिक्स इण्डिया लि., आर.एस. मेडिकल सिस्टम, एशिया मेडिकेयर, सिमेन्स, सैमसंग इण्डिया इलेक्ट्रोनिक्स प्रा. लिमिटेड, तोशिबा, सोनोसाईट, विप्रो जी ई, आई टेक मेडिकल सिस्टम, निप्रिया, टेक्नोलाइट इम्पेक्स एण्ड मार्केटिंग, मेडिटेक सिस्टम्स है।

पूनम छाबड़ा ने पावटा पुलिया विस्तार आन्दोलन संघर्ष समिति को समर्थन दिया

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर आबाद पावटा के क्षेत्रवासी पर 31 दिनों से पावटा हाइवे पर ब्रिज की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है और अनशन जारी है पर सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है, क्योंकि प्रदेश की सरकार पूर्णतया संवादहीन सरकार है और सत्ता के मद में चूर है यह आज पावटा में चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए सम्पूर्ण शराब बंदी आन्दोलन जस्टिस फॉर छाबड़ा जी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम छाबड़ा ने कहा, आज 31वें दिन भी जनता सड़कों पर बैठी है जनहित के लिए सरकार को इनकी बात को मान लेना चाहिए।

पूनम ने बताया कि यदि सरकार ने मांग नहीं मानी तो पावटा के लोगों के साथ जस्टिस फॉर छाबड़ा जी संगठन की पूरी टीम के साथ आंदोलन पर बैठ जाएंगी व बताया कि सरकार किसी भी आन्दोलन की नहीं सुनती है जिसका नतीजा उप चुनाव में मिल गया, अभी भी समय रहते सरकार को जनता की आवाज सुन लेनी चाहिए।

पावटा में चल रहे आन्दोलन को समर्थन देने जस्टिस फॉर छाबड़ा जी संगठन की टीम के साथ पहुंची पूनम अंकुर छाबड़ा ने आंदोलनकारी सिंह, रामनिवास यादव, मनीष कासलिया, गणेश, जितेंद्र जैन, विजय, गोविन्द सहित सभी आंदोलनकारियों को धन्यवाद देते कहा कि आम जन जिनके ब्रिज की मांग के साथ आन्दोलन पर है और अब तक सैकड़ों हादसे होने के बाद भी सरकार मूक बनी बैठी है। यह सरकार की हठधर्मिता है जिसे अब हम सहन नहीं करेंगे, अगर सरकार ने समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया तो हम सब आन्दोलन पर बैठेंगे।

तीन साल बाद मिले भाई बहन, तो आंसुओं में उमड़ पड़ा सैलाब

जयपुर। जयपुर के शास्त्री नगर स्थित एस.ओ.एस. बालग्राम में 30 जनवरी के उस पल ने वहां उपस्थित हर इंसान को भाव विभोर होने के लिए विवश कर दिया, जब तीन साल से बिछुड़े हुए भाई- बहन अचानक से गले मिलकर रो रहे थे और हंसकर साथ में खेल भी रहे थे। दरअसल राजस्थान की कोटा पुलिस को सितम्बर, 2013 में तीन भाई- बहन लावारिस भटकते हुए मिले थे। इनके परिवारों से मिलाने की कोशिश करते हुए इन तीनों को अलग- अलग जिलों के एक से दूसरे शिशुगृहों में स्थानान्तरित किया जाता रहा और स्थानान्तरण की इस कड़ी में नवम्बर, 2014 में ये तीनों भाई- बहन आपस में भी बिछुड़ कर अंततः दोनों भाई सूरज और अभिमन्यु एस.ओ.एस. बालग्राम जयपुर में और बहन पूजा, आरती बालिका गृह, अलवर में रह गई।

जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-18

दस्तकारी का लोहा मनवा रहे हैं नायाब हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। राजसिको के अंबेडकर सर्कल पर चल रहे जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव मेले में कदम की लकड़ी से तैयार हस्तशिल्प के नायाब उत्पाद लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। कदम की एक ही लकड़ी से तैयार हाथी में हाथी और उसमें हाथी का बच्चे को देखकर दस्तकारी का लोहा मान रहे है दर्शक। लकड़ी से ही तैयार ग्यारह सौ रुपए की दो बैलों की आकर्षक बैलगाड़ी बरबस अपनी ओर खींच रही है। यह और इसी तरह के एक से एक नायाब हस्तशिल्प उत्पाद जयपुरवासियों की खास पसंद बने हुए है। राजसिको के चेयरमेन मेघराज लोहिया ने बताया कि राजसिको के इस पहले प्रयास को जयपुरवासियों द्वारा सराहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 400 स्टॉलों में देश-प्रदेश का अद्भुत हस्तशिल्प और एक से एक घरेलू उद्योग की वस्तुएं हस्तशिल्प मेले में उपलब्ध है। चूरन-चटनी, अचार-मुरब्बे से लेकर युवक-युवतियों की पसंद के परिधान इस मेले में प्रदर्शित कर बिक्री की जा रही है। बैंकों द्वारा रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

राजसिको चेयरमेन लोहिया ने बताया कि राजसिको का यह अभिनव प्रयास है और इसके माध्यम से देश व प्रदेश के हस्तशिल्प व अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ ही एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला-प्रदर्शनी में गुणवत्ता व उचित मूल्य पर खास ध्यान दिया गया है।

राजसिको के महाप्रबंधक रवि अग्रवाल ने बताया कि पहली बार अधिक स्टॉलों में देशभर का हस्तशिल्प समागम हुआ है। जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के माध्यम से लघु उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को साझा मंच उपलब्ध कराया गया है। राजसिको के निदेशक मोदी ने बताया कि जयपुर उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 26 जनवरी से अंबेडकर सर्कल पर चल रहा है और रविवार 4 फरवरी तक चलेगा। मेले में प्रवेश निःशुल्क है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में 5 नई रेलसेवाएं

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश में अतिरिक्त यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु पांच किराया स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी तरुण जैन के अनुसार गाड़ी संख्या 09723, जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक किराया स्पेशल रेल सेवा 4 अप्रैल से 27 जून (13 ट्रिप) तक प्रत्येक बुधवार को जयपुर से 08.20 बजे रवाना होकर गुरुवार को 04.45 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09724, बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक किराया स्पेशल रेल सेवा 5 अप्रैल से 28 जून (13 ट्रिप) तक प्रत्येक गुरुवार को बान्द्रा टर्मिनस से 06.15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 01.25 बजे जयपुर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09621, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक किराया स्पेशल रेल सेवा एक अप्रैल से 24 जून (13 ट्रिप) तक अजमेर से प्रत्येक रविवार को 06.30 बजे रवाना होकर अगले दिन सोमवार को 04.45 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09622, बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक किराया स्पेशल रेल सेवा 2 अप्रैल से 25 जून तक बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार को 06.15 बजे रवाना होकर अगले दिन मंगलवार 03.25 बजे अजमेर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09627, अजमेर-दिल्ली कैन्ट त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट किराया स्पेशल रेल सेवा 2 अप्रैल से 30 जून तक (39 ट्रिप) अजमेर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को 05.45 बजे रवाना होकर 11.05 बजे दिल्ली कैन्ट पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09628, दिल्ली कैन्ट-अजमेर त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा 2 अप्रैल से 30 जून तक (39 ट्रिप) दिल्ली कैन्ट से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को 16 बजे रवाना होकर 22.25 बजे अजमेर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 04831, जोधपुर-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा 3 अप्रैल से 26 जून तक (13 ट्रिप) जोधपुर से प्रत्येक मंगलवार को 14 बजे रवाना होकर बुधवार को 10.45 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04832, हरिद्वार-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा 4 अप्रैल से 27 जून तक (13 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक बुधवार को 16.45 बजे रवाना होकर गुरुवार को 11.45 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 04735, बीकानेर-हरिद्वार साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा 6 अप्रैल से 29 जून तक (13 ट्रिप) बीकानेर से प्रत्येक शुक्रवार को 19.45 बजे रवाना होकर शनिवार 10.25 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04736, हरिद्वार-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा 7 अप्रैल से 30 जून तक (13 ट्रिप) हरिद्वार से प्रत्येक शनिवार को 19.50 बजे रवाना होकर रविवार को 9.25 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

गांधीधाम-जालन्धर सिटी-गांधीधाम स्पेशल रेलसेवा का संचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में गांधीधाम-जालन्धर सिटी-गांधीधाम (07 ट्रिप) किराया स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

जैन के अनुसार गाड़ी संख्या 09453, गांधीधाम-जालन्धर सिटी किराया स्पेशल रेलसेवा 16 अप्रैल से 28 मई तक (07 ट्रिप) प्रत्येक सोमवार को गांधीधाम से 18.30 बजे रवाना होकर मंगलवार को 22.50 बजे जालन्धर सिटी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09454, जालन्धर सिटी-गांधीधाम किराया स्पेशल रेलसेवा 18 अप्रैल से 30 मई तक (07 ट्रिप) प्रत्येक बुधवार को जालन्धर सिटी से 04.45 बजे रवाना होकर गुरुवार को 08.25 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। इस रेलसेवा में एक सैकण्ड एसी, दो थर्ड एसी, सात द्वितीय शयनयान श्रेणी, छह साधारण श्रेणी एवं दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित

रेलवे द्वारा उत्तर रेलवे के रोहतक यार्ड में रिमॉडलिंग कार्य के कारण ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण 3 फरवरी को रेल यातायात प्रभावित होगा। जैन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण गाड़ी संख्या 54013, रोहतक-भिवानी सवारी गाड़ी 3 फरवरी को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 54018, भिवानी-रोहतक सवारी गाड़ी 3 फरवरी को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12481, दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा जो 3 फरवरी को दिल्ली से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग दिल्ली-पानीपत-जीन्द होकर संचालित की जायेगी।

घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए कल 102 शिविर

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत घरेलू बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए रविवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय/अटल सेवा केन्द्रों पर 102 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार रविवार को प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक आयोजित होने वाले शिविरों में बी.पी.एल. परिवारों को निःशुल्क एवं अन्य आवेदकों को घरेलू बिजली कनेक्शन जारी किए जाएंगे और इन शिविरों में खराब मीटरों को बदलने की व्यवस्था भी गई है। जयपुर विद्युत वितरण निगम में झालावाड़ जिले में 12, कोटा में 4, बूंदी में 6, दौसा में 4, सवाई माधोपुर में 6, भरतपुर में 11, बारां में 2, टोंक में 7, अलवर जिले में 20, करौली में 6, धौलपुर में 4 व जयपुर जिला वृत्त में 20 शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

न्यूटेक ग्लोबल लिमिटेड
सूचना
www.nutechglobal.com
दिनांक: 03.02.2018

न्यूरोफेस्ट में आए नामी डॉक्टरों ने नई तकनीकों की दी जानकारी

बिना चीरफाड़, ब्रेन की बड़ी से बड़ी सर्जरी हुई आसान

कार्यालय संवाददाता

जयपुर। ब्रेन में ट्यूमर हो या एन्यूरिज्म या किसी तरह की गंभीर चोट लगी हो तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। एक मामूली चीरे से ही बड़ी से बड़ी सर्जरी हो जाएगी और मरीज दो-तीन दिन में ही घर जा सकेगा। यह सब संभव होगा अत्याधुनिक 3डी ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, एंडोस्कोप और नेवीगेशन तकनीक के जरिये।

नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से यहां आयोजित इंटरनेशनल न्यूरोफेस्ट कांग्रेस के दूसरे दिन शुक्रवार को दुनिया में न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में नाम कमाने वाले दिग्गज डॉक्टरों ने इस क्षेत्र की नई तकनीकों की जानकारी दी। बताया गया कि किस तरह ब्रेन खोले बिना नाक, कान या अन्य प्राकृतिक रास्तों के जरिये ब्रेन तक पहुंचकर बड़ा ट्यूमर से लेकर हर तरह की ब्रेन सर्जरी की जा सकती है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. केके बंसल ने बताया कि विभिन्न सत्रों में स्पेन के डॉ. [illegible], [illegible] अमेरिका, यूके के डॉ. रिकिन, स्लोवेनिया के डॉ. [illegible] चीयन आदि ने ब्रेन सर्जरी की नई तकनीकों की जानकारी दी। न्यूरोफेस्ट का आयोजन जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया जा रहा है।

ओ-आर्म व नेवीगेशन से आसान हुई सर्जरीः वैरियन

न्यूरोफेस्ट में आए नेपाल के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज के जाने माने न्यूरोसर्जन डॉ. [illegible] वैरियन ने बताया कि अब ऐसी तकनीक आ गई है कि ऑपरेशन के दौरान ही सर्जरी के साथ-साथ इंट्रा ऑपरेटिव एमआरआई हो सकती है जिससे ट्यूमर की वास्तविक स्थिति और आसपास की नसों के बारे में सटीकता से पता चल सकता है और सर्जरी बिना किसी जटिलता के आसानी से हो जाती है। इसी तरह ओ-आर्म तकनीक के जरिये मामूली छेद से स्पाइन की सर्जरी की जा सकती है। वहीं मल्टीपोर्ट सर्जरी में माइक्रोस्कोप और एंडोस्कोप एक साथ काम में लेकर ब्रेन के अंदर गहराई तक बेहतरीन सर्जरी की जा सकती है।

बीपी ज्यादा है तो एन्यूरिज्म का खतराः डॉ. रिकिन

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी यूके के सीनियर न्यूरो सर्जन व एन्यूरिज्म विशेषज्ञ डॉ. रिकिन त्रिवेदी ने बताया कि ब्रेन में खून की नसों में बैलूननुमा एन्यूरिज्म आजकल काफी सामने आने लगा है। अक्सर लोग ब्लड प्रेशर बढ़ा होने को सामान्य लेते है, मगर इससे एन्यूरिज्म का खतरा ज्यादा रहता है। वहीं धूम्रपान भी घातक है। एन्यूरिज्म की सर्जरी बहुत जटिल है, मगर आजकल अत्याधुनिक तकनीक में नाड़ 'स्टेंट' के जरिए यह बहुत आसान और कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में अब ब्रेन खोलने के बजाए, नाक, कान या अन्य प्राकृतिक रास्तों से ब्रेन में एंडोस्कोप के जरिए सर्जरी की जा रही है, जो आसान और मरीज को कोई जटिलता नहीं देने वाली है।

ब्रेन खोले बिना भी सर्जरी- डॉ. बंसल

न्यूरोफेस्ट के आयोजन सचिव और एक बार में सबसे ज्यादा ट्यूमर निकालने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाने वाले डॉ. केके बंसल ने बताया कि अब ब्रेन सर्जरी में 3डी तकनीक ने इलाज आसान कर दिया है। इसके जरिए ब्रेन में हर एंगल से देखा जा सकता है, छोटे से छोटे ट्यूमर को भी आसानी से निकाला जा सकता है। वहीं आजकल बिना ब्रेन खोले भी मामूली छेद से दूरबीन के जरिए बड़ी-बड़ी सर्जरी की जा रही हैं। वहीं सिंगल लेप्रोस्कोपी सर्जरी तकनीक भी बेहद कारगर है और ऑपरेशन के बाद ब्रेन का प्रेशर भी नीचे आ जाता है।

न्यूरोसाइंस में नई तकनीको का जोरः डॉ. पृथ्वी

नारायणा हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन डॉ. पृथ्वी गिरि ने कहा कि न्यूरोसाइंस की गहराई तक समझने के लिए 3डी तकनीक बेहद रोचक और कारगर है। यह आयोजन न्यूरो क्षेत्र के चिकित्सकों को सीखने के लिए बहुत उपयोगी है। ब्रेन संबंधी बीमारियों की गहराई तक समझने और उनके निदान के लिए नई तकनीकों को जानने का यह एक अच्छा मौका है।

HEM SECURITIES LTD.
(Member : Bombay Stock Exchange Ltd., Mumbai)
SEBI Regd. No. : INB011069953
R.O. : 203, Jaipur Tower, M. I. Road, Jaipur
PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that the following sub broker is no longer affiliated as sub brokers of M/S HEM SECURITIES LTD. SEBI Reg. no. INB011069953 trading member of Bombay Stock Exchange Ltd having registered office at 203, JAIPUR TOWER, M. I. ROAD, JAIPUR. Any person henceforth dealing with the below mentioned sub-broker should do so at their own risk. HEM SECURITIES LTD. shall not be liable for any dealing with them.

S. No.	SUB BROKER TRADE NAME	SB SEBI REG NO	REG. DATE	REG. OFFICE ADDRESS
1	HEENA SECURITIES	[illegible]	29AUG2008	NEAR UCO BANK, OPP. RAILWAY STATION, PHALODI, JODHPUR-342301, RAJASTHAN
2	AKHIL TOTUKA	[illegible]	19FEB2009	RAJGIRI INVESTMENTS, BHOPUR ROAD, OPP. GOSALA, PRATAP NAGAR, SANGANER, JAIPUR-302033, RAJASTHAN
3	ASHOKA INVESTMENT	[illegible]	30MAR2009	PODDAR GATE, ASHOKA PHOTO STUDIO, NAWALGARH, JHUNJHUNU-333042, RAJASTHAN
4	TIRUPATI STOCKS	[illegible]	25JUN2008	104, WASHOR PLAZA, S.C. ROAD, JAIPUR-302001, RAJASTHAN
5	AJAY JHALANI	[illegible]	11AUG2009	9-A, JOSHI COLONY, BARKAT COLONY, TONK PHATAK, JAIPUR-302015, RAJASTHAN
6	SEHWAL SECURITIES	[illegible]	24FEB2009	42, PATEL MARKET, SRIGANGANAGAR-335001, RAJASTHAN
7	SHRI VINAYAK MONEY	[illegible]	28NOV2008	SHRI VINAYAK MONEY, 1ST FLOOR, PANAM MARKET, OPP. ICICI BANK, STATION ROAD, SIKAR-332001, RAJASTHAN
8	NAKODA INVESTMENT	[illegible]	[illegible]	80, SHALIMAR BAGH, AJMER ROAD